<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27.03.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन अनिल टाइगर हत्याकांड पर हुआ हंगामा, विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल।
- भाजपा नेता अनिल टाइगर को दी गई अंतिम विदाई यात्रा में मंत्री समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि।
- मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चे दिल्ली से कराए गए मुक्त, साहेबगंज एवं गोड्डा के 18 और खूँटी के सात बच्चों को किया जाएगा पुनर्वासित।
- गर्मी से बचाव के लिए केंद्र सरकार ने जारी किए निर्देश, राज्यों को स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत करने और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स का आज नई दिल्ली में होगा भव्य समापन।

******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन अनिल टाइगर हत्याकांड को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया, जिससे कार्यवाही बाधित हुई। भाजपा ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर मामले को कमजोर करने का आरोप लगाया। भोजनावकाश के बाद विभिन्न विधायकों ने लोकहित से जुड़े गैर सरकारी संकल्प पेश किए, जिनमें एचईसी विस्थापितों, खेल बटालियन गठन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट से जुड़े मुद्दे शामिल थे।

******************

भाजपा नेता अनिल टाइगर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नेता और अधिकारी शामिल हुए। उनकी अंतिम यात्रा में वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, संजय यादव सहित कई विधायक पहुंचे। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, एसडीएम, सिटी एसपी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

******************

इधर भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में हर दिन लूट, डकैती और हत्या की घटनाएं हो रही हैं। राज्य में जंगल राज स्थापित हो चुका है। यहां कानून–व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यह घटना मानवता की हत्या है और दोषियों पर जल्द ही कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। साथ ही, विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में वर्तमान जैसी कानून व्यवस्था पहले कभी नहीं थी।

******************

रांची बंद के दौरान भाजपा नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने पर विधायक सीपी सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि पुलिस आम जनता पर सख्ती दिखाने के बजाय अपराधियों पर कार्रवाई करे। उन्होंने रांची में बढ़ती हत्याओं और राज्य की कानून–व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया। दिल्ली पुलिस और स्थानीय एनजीओ के सहयोग से इन बच्चों को विभिन्न राज्यों से रेस्क्यू किया गया। इनमें खूँटी के 7 और साहेबगंज और गोड्डा के 18 बच्चे शामिल हैं, महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी जिलों को तस्करी के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बच्चों की काउंसलिंग, होम वेरिफिकेशन और पुनर्वास झारखंड सरकार की योजनाओं के तहत किया जाएगा।

******************

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी आज मुंबई में फिक्की –ईवाई मीडिया और मनोरंजन उद्योग की रिपोर्ट जारी करने के अवसर पर उपस्थित थे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के आगामी वेव्स कार्यक्रम को लेकर श्री द्विवेदी ने कहा कि मीडियाकर्मी और सर्जकों तथा विश्वभर में तकनीक से जुडे लोगों को एक मंच पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग में शामिल होने का अवसर प्रदान करेगा।

******************

कोडरमा में नए वित्तीय वर्ष में लिफ्ट एरीगेशन के तहत कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा, जिससे 395 एकड़ भूमि सिंचित की जाएगी। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रोजगार सेवक उमेश कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे हजारीबाग ले गई और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
- देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए देर शाम की फ्लाइट 16 अप्रैल से शुरू होगी। यह फ्लाइट दिल्ली से शाम 5 बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरकर 7 बजकर 10 मिनट पर देवघर पहुंचेगी और वापसी में रात 7रू40 बजे देवघर से उड़कर 9रू50 बजे दिल्ली पहुंचेगी।
- दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांदो गांव में पहली बार पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।
- सिमडेगा नगर भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से लैंग्वेज फेस्टिवल सह एफएलएन मेला आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न पीएम श्री विद्यालयों के प्रतिभागियों ने गीत, नृत्य और मार्शल आर्ट की प्रस्तुतियां दीं। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और पीएम पोषण योजना के महत्व पर जोर दिया।

******************

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने आने वाली गर्मियों में (हीटवेव) से बचाव के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं। जिस में स्वास्थ्य केंद्रों को दवाएं, ठंडा पानी, शीतलन उपकरण और आपातकालीन सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आग सुरक्षा उपायों, सौर पैनलों और वर्षा जल संचयन जैसी व्यवस्थाओं पर भी जोर दिया गया है। सरकार ने हीटवेव से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य परामर्श जारी करने का निर्देश दिया है।

******************

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का समापन आज शाम दिल्ली में भव्य समारोह के साथ होगा। समापन समारोह में युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी शामिल होंगी। आठ दिन की इस चौंपियनशिप में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग, निशानेबाजी और टेबल टेनिस जैसे छह खेलों में एक हजार तीन सौ से अधिक पैरा–खिलाड़ियों ने भाग लिया।

******************

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के सातवें मैच में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे हैदराबाद में शुरू होगा।

******समाप्त********